रजिस्ट्री सं॰ डी॰ एल॰-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1107] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 28, 2004/पौष 7, 1926

No. 1107] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 28, 2004/PAUSA 7, 1926

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर, 2004

का.आ. 1418(अ).—केन्द्रीय सरकार ने पेटेंट अधिनियम, 1970 (1970 का 39) की धारा 159 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पेटेंट नियम, 2003 बनाए थे ;

और केन्द्रीय सरकार ने पेटेंट अधिनियम, 1970 का संशोधन करने का विनिश्चय किया है।

और उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि पेटेंट अधिनियम, 1970 में अंतर्विष्ट संशोधनो के आधार पर पेटेंट नियम, 2003 को संशोधित किया जाए ;

और पेटेट (संशोधन) अध्यादेश, 2004 द्वारा यथासंशोधित पेटेट अधिनियम, 1970 (1970 का 39) की धारा 159 की उपधारा (3) का परन्तुक केन्द्रीय सरकार को धारा 159 की उपधारा (3) के अधीन यथाअपेक्षित नियमों के पूर्व प्रकाशन की अपेक्षाओं से अभिमुक्त होने के लिए सशक्त बनाता है ;

और केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो गया है कि ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं कि पूर्व प्रकाशन की शर्तो के अनुपालन को व्यवहारिक रूप देना संभव नहीं है ;

और केन्द्रीय सरकार ने यह विनिश्चय किया है कि पूर्व प्रकाशन की अपेक्षाओं से अभिमुक्त होने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 159 के अधीन निम्नलिखित सशोधन नियम बनाए जाए ;

अत अब, केन्द्रीय सरकार, पेटेट अधिनियम, 1970 की धारा 159 द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए, पेटेट नियम, 2003 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है अर्थात्, :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** :- (1) इन नियमो का संक्षिप्त नाम पेटेट (सशोधन) नियम, 2005 है ।

(2) ये 1 जनवरी, 2005 को प्रवृत्त होगे ।

2. पेटेंट नियम, 2003 के (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् मूल नियम कहा गया है) नियम 4 के उपनियम (1) के खंड (i) और खंड (ii) में "24क", "24 ख" और "24 ग" अंकों, अक्षरों और शब्द का जो दोनों स्थानों पर आते है, लोप किया जाएगा ।

3. मूल नियमों के नियम 5 में "अधिनियम या इन नियमों के अधीन दी जाने के लिए अपेक्षित कोई सूचना भेजे ।" शब्दों के पश्चात् "और नियंत्रक स्वप्रेरणा से इस विषय में विनिश्चय करेगा" शब्द जोड़े जाएंगे ।

4. मूल नियमों के नियम 6 में, उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(1) अधिनियम या इन नियमों के अधीन पेटेंट कार्यालय में या नियंत्रक या किसी अन्य व्यक्ति के पास फाइल किए जाने, छोड़े जाने या ऐसे दिए जाने के लिए प्राधिकृत या अपेक्षित कोई आवेदन, सूचना या अन्य दस्तावेज वाहक द्वारा दिया जा सकेगा या डाक या रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट या कोरियर सेवा द्वारा समुचित कार्यालय में नियंत्रक को या उस व्यक्ति को संबोधित पत्र द्वारा या सम्यक् रूप से अधिप्रमाणित इलैक्ट्रानिक पारेषण द्वारा भेजा जा सकेगा । यदि वह डाक या रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट या कोरियर सेवा या सम्यक् रूप से अधिप्रमाणित इलैक्ट्रानिक पारेषण द्वारा भेजी जाती है तो, उसे उस समय फाइल किया गया, छोड़ा गया या दिया गया समझ जाएगा जिस समय वह डाक जिसमें वह आवेदन, सूचना या दस्तावेज है, यथास्थिति, डाक या रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट या कोरियर सेवा या सम्यक् रूप से अधिप्रमाणित इलैक्ट्रानिक पारेषण के मामूली अनुक्रम में परिदत्त कर दिया गया होता । ऐसे भेजने को साबित करने के लिए इतना दर्शित करना पर्याप्त होगा कि उचित पता लिखकर पत्र डाक में डाल दिया और पारेषित कर दिया गया था :

परन्तु फैक्स द्वारा या सम्यक् रूप से अधिप्रमाणित इलैक्ट्रानिक पारेषण द्वारा भेजे गए किसी आवेदन, सूचना या दस्तावेज को भी फाइल किया गया, छोड़ा गया या दिया गया समझा जाएगा, यदि वह स्पष्ट और पूर्ण रूप से सुपाठ्य है और उसकी यथास्थिति, मूल प्रति या पेपर प्रति ऐसे फैक्स या सम्यक् रूप से अधिप्रमाणित इलैक्ट्रानिक पारेषण द्वारा प्राप्ति की तारीख से एक मास के भीतर समुचित कार्यालय मे प्रस्तुत कर दी गई हो ।"

5. मूल नियमो के नियम 7 में उपनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(4) किसी कार्यवाही की बाबत एक बार संदत्त फीस, चाहे कार्यवाही की गई है अथवा नहीं, सामान्यतया वापस नही की जाएगी । "

6. मूल नियमों के नियम 12 में,-

(क) उपनियम (1) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(1क) वह अवधि, जिसके भीतर आवेदक धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन कथन और वचनबंध फाइल करेगा, आवेदन फाइल करने की तारीख से तीन मास की अवधि होगी ।

स्पष्टीकरण - इस नियम के प्रयोजन के लिए, किसी अंतरराष्ट्रीय आवेदन के अनुरूप आवेदन की दशा में, जिसमे भारत अभिहित है, तीन मास की अवधि की गणना उस वास्तविक तारीख से की जाएगी, जिसको अनुरूप आवेदन भारत में फाइल किया जाता है ।"

(ख) उपनियम (3) और उपनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(3) जब नियंत्रक द्वारा धारा 8 की उपधारा (2) के अधीन ऐसी अपेक्षा की जाए, आवेदक आविष्कार की नूतनता और पेटेंटता की बाबत किन्हीं आक्षेपों, यदि कोई हों, की जानकारी और ऐसी अन्य विशिष्टियां जिनकी नियंत्रक अपेक्षा करे, जिनके अंतर्गत आवेदन के ऐसे दावे भी हैं जो नियंत्रक द्वारा संसूचित किए जाने की तारीख से तीन मास के भीतर अनुज्ञात किए गए हैं, प्रस्तुत करेगा । "

7. मूल नियमों के नियम 13 में,-

(क) उपनियम (6) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(6) ऐसे आवेदन (कनवेंशन आवेदन या भारत को अभिहित करने वाली पेटेंट सहकारिता संधि के अधीन फाइल किए गए आवेदन से भिन्न) की दशा में, के सिवाय, जिसके साथ संपूर्ण विनिर्देश हों, आविष्कारक के अविष्कार कार्य की घोषणा संपूर्ण विनिर्देश के साथ प्ररूप 5 में या संपूर्ण विनिर्देश दाखिल किए जाने की तारीख से एक मास समाप्त होने से पूर्व किसी समय, जैसा कि नियंत्रक प्ररूप 4 में किए गए आवेदन पर अनुज्ञात करे, दाखिल की जाएगी ।"

(ख) उपनियम (7) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(8) वह अवधि जिसके भीतर निक्षेप के प्रति निर्देश धारा 10 की उपधारा (4) के खंड (ii) के उपखंड (क) के अधीन विनिर्देश में किया जाएगा, आवेदन फाइल किए जाने की तारीख से तीन मास होगी ।"

8. मूल नियमों के नियम 14 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

14. विनिर्देशों में संशोधन - (1) आवेदक या उसके अभिकर्ता को जब कोई अनंतिम या संपूर्ण विनिर्देश या उसके साथ का कोई रेखाचित्र संशोधन के लिए प्राप्त हो और उस पर सम्यक् रूप से संशोधन कर दिया गया हो, ऐसे संशोधन को समाविष्ट करने वाला पृष्ठ पुनः टाइप किया जाएगा और निरंतर दस्तावेज बनाने के लिए प्रस्तुत किया जाएगा । उक्त दस्तावेजों में से किसी दस्तावेज में संशोधन स्लिप चिपकाकर या पाद टिप्पण लिखकर या हाशिए में लिखकर नहीं किए जाएंगे ।

(2) संशोधित दस्तावेज, आवेदक या उसके अभिकर्ता द्वारा सम्यक् रूप से चिह्नित, रद्द किए गए और आद्याक्षरित अधिक्रांत किए गए पृष्ठों या रेखाचित्रों, यदि कोई हों, के साथ नियंत्रक को लौटा दिए जाएंगे । ऐसे किन्हीं पृष्ठों की, जिन्हें पुनः टंकित या जोड़ा गया है और ऐसे किसी रेखाचित्र की, जिसे जोड़ा या सारवान रूप में संशोधित किया गया है, दो प्रतियां भेजी जाएंगी ।

9. मूल नियमों के नियम 19 में उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :--

"(1) कोई अंतरराष्ट्रीय आवेदन समुचित कार्यालय में अंग्रेजी या हिन्दी भाषा में फाइल किया जा सकेगा ।"

10. मूल नियमों के नियम 20 में,-

(क) उपनियम (1) में "प्ररूप 1क" शब्द, अक्षर और अंक के स्थान पर "प्ररूप 1" शब्द और अंक रखे जाएंगे ;

(ख) उपनियम (2) और उपनियम (3) में, "उपनियम (4)" शब्दों, कोष्ठक और अंक के स्थान पर "उपनियम (4)(i)" शब्द, कोष्ठक और अंक रखे जाएंगे ।

(ग) उपनियम (3) के खंड (ख) में, "आवेदक द्वारा सम्यक् रूप से यह सत्यापित किया गया आवेदन" शब्दों के स्थान पर "आवेदक द्वारा या उसके द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा यह सत्यापित किया गया आवेदन" शब्द रखे जाएंगे ।

(घ) उपनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(4)(i) उपनियम (2) में निर्दिष्ट समयावधि अनुच्छेद 2(xi) मे यथानिर्दिष्ट पूर्विकता की तारीख से इकत्तीस महीने होगी ;

(ii) खंड (i) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, पेटेंट कार्यालय प्ररूप 18 मे स्पष्ट रूप से फाइल किए अनुरोध पर, जिसके साथ पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस लगी होगी, इकत्तीस मास से पूर्व किसी भी समय आवेदन पर कार्यवाही या उसकी परीक्षा कर सकेगा ।"

11 मूल नियमों के नियम 21 के उपनियम (2) मे "सम्यक् रूप से सत्यापित" शब्दो के पश्चात् "या उसके द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा यह सत्यापित" शब्द रखे जाएंगे ।

12. मूल नियमों के नियम 24 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"24. **आवेदन का प्रकाशन**-- वह अवधि, जिसके लिए पेटेंट के लिए आवेदन सामान्यतया धारा 11क की उपधारा (1) के अधीन जनता के लिए नहीं खोला जाएगा, आवेदन फाइल करने की तारीख से अट्ठारह मास या आवेदन की पूर्विकता की तारीख से, जो भी पूर्वतर हो, होगी ।

24क. प्रकाशन के लिए अनुरोध - धारा 11क की उपधारा (2) के अधीन प्रकाशन के लिए कोई अनुरोध प्ररूप 9 मे किया जाएगा ।"

24ख. आवेदन की परीक्षा - (1)(i) आवेदन के प्रकाशन के पश्चात् धारा 11ख के अधीन परीक्षा के लिए अनुरोध आवेदन की पूर्विकता की तारीख किन्तु छत्तीस मास के भीतर या आवेदन फाइल किए जाने की तारीख से, जो भी पूर्वतर हो, प्ररूप 18 मे किया जाएगा ।

(ii) वह अवधि, जिसके भीतर धारा 11ख की उपधारा (3) के अधीन परीक्षा के लिए अनुरोध किया जाना है, पूर्विकता की तारीख से छत्तीस मास या आवेदन फाइल करने की तारीख से या 1 जनवरी, 2005 से बारह मास होगी ।

(iii) धारा 11ख के अधीन परीक्षा के लिए अनुरोध, आवेदन के प्रकाशन के पश्चात् किया जाएगा किन्तु पूर्विकता की तारीख से छत्तीस मास के भीतर या आवेदन फाइल किए जाने की तारीख से, या गुप्तता निदेश के विखंडन की तारीख से छह मास के भीतर, जो भी बाद मे हो, में किया जाएगा ।

(iv) धारा 16 की उपधारा (3) के अधीन, 'स्पष्टीकरण' के अनुसार फाइल किए गए आवेदन की परीक्षा के लिए अनुरोध प्रथम वर्णित आवेदन के एकाशन के पश्चात् किन्तु आवेदन फाइल करने की तारीख से छत्तीस मास के भीतर या प्रथम वर्णित आवेदन की पूर्विकता की तारीख से या और आवेदन फाइल करने की तारीख से छह मास के भीतर, जो भी बाद में हो, किया जाएगा ।

(v) 1 जनवरी, 2005 के पूर्व फाइल किए गए आवेदन का धारा 118ख के अधीन परीक्षण के लिए अनुरोध करने की अवधि वह अवधि होगी जो धारा 11ख के अधीन विनिर्दिष्ट है या इन नियमो मे विनिर्दिष्ट अवधि, जो भी बाद में समाप्त हो, होगी ।

(2) (i) उपधारा (1) के अधीन पेटेंट की परीक्षा के लिए फाइल किए गए आवेदन के अनुरोध पर उस क्रम में कार्रवाई की जाएगी जिसमें वह अनुरोध फाइल किया गया है ।

(ii) वह अवधि जिसके भीतर परीक्षक धारा 12 की उपधारा (2) के अधीन रिपोर्ट देगा, सामान्यता 1 मास होगी किन्तु नियत्रक द्वारा उसको निर्दिष्ट किए गए आवेदन की तारीख से तीन मास से अधिक नही ।

(3) आवेदन के साथ प्रथम परीक्षा रिपोर्ट और विनिर्देश आवेदक या उसके प्राधिकृत अभिकर्ता को भेजे जाएगे । उस दशा मे जहा अन्य हितबद्ध व्यक्ति परीक्षा के लिए अनुरोध फाइल करता है, ऐसी परीक्षा की परिसीमा ऐसे हितबद्ध व्यक्ति को भेजी जाएगी ।

(4) (i) धारा 21 के अधीन आदेश के लिए किसी आवेदन को प्रस्तुत करने के लिए समय उस तारीख से जिसको आवेदक को अपेक्षाओं का अनुपालन करने के लिए आक्षेपो का प्रथम कथन जारी किया गया था, छह मास होगी ।

(ii) इन नियमो मे अतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, खड (i) मे विनिर्दिष्ट अवधि को नियत्रक द्वारा तीन मास से अनधिक की अवधि के लिए आवेदक के नियत्रण से परे परिस्थितियो मे आवेदक द्वारा प्ररूप 4 मे खड (i) मे विनिर्दिष्ट समय के अवसान से पूर्व पहली अनुसूची मे विनिर्दिष्ट फीस के साथ आवेदन करने पर बढाया जा सकेगा ।

(iii) किसी ऐसे आवेदन को जिसकी परीक्षा 1 जनवरी, 2005 से पूर्व की जा चुकी है, आदेश के लिए प्रस्तुत करने के लिए अवधि, उस तारीख से जिसको आवेदक को अपेक्षाओ का अनुपालन करने के लिए आक्षेपो का प्रथम कथन जारी किया गया था, बारह मास होगी ।

13 मूल नियमो के नियम 26 मे, उपनियम (2) का लोप किया जाएगा ।

14 मूल नियमो के नियम 27 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"27. प्रकाशित दस्तावेजों का निरीक्षण और प्रदाय - धारा 11क के अधीन आवेदन के प्रकाशन की तारीख के पश्चात् पूर्ण विनिर्देश और अनतिम विनिर्देश, यदि कोई हो, के साथ आवेदन, रेखाचित्र, यदि कोई हो, और आवेदन की बाबत फाइल किया गया सार नियत्रक को लिखित मे अनुरोध करके और इस निमित्त फीस के सदाय पर समुचित कार्यालय मे निरीक्षण किया जा सकेगा और प्रथम अनुसूची मे विनिर्दिष्ट फीस सदाय करने पर उसकी प्रतिया अभिप्राप्त की जा सकेगी ।" ।

15 मूल नियमो के नियम 28 मे,—

(क) उपनियम (2) के पहले परतुक मे "विनिर्दिष्ट" शब्द के स्थान पर "निर्दिष्ट" शब्द रखा जाएगा ;

(ख) उपनियम (5) मे "विनिर्देश को स्वीकार करने" शब्दो के स्थान पर "पेटेट को मजूर करने" शब्द रखे जाएगे ।

16 मूल नियमो के नियम 28 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अत स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"28क.धारा 14 के अधीन परीक्षक की रिपोर्ट पर विचार करने के संबंध मे प्रक्रिया- यदि आवेदक को ससूचित आपत्तियो मे से वह किसी आपत्ति का प्रतिवाद करता है तो नियम 28 के अधीन विनिर्दिष्ट प्रक्रिया लागू हो सकेगी ।" ।

17. मूल नियमों के नियम 29 के उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(2) यदि आवेदक का विनिर्देश अन्यथा स्वीकार किए जाने के लिए ठीक है और धारा 13 के उपनियम (1) के खंड (ख) के अधीन कोई आपत्ति शेष रह गई है तो नियंत्रक पेटेंट की मंजूरी को मुल्तवी कर सकेगा और आपत्तिं दूर करने के लिए दो मास की अवधि अनुज्ञात कर सकेगा ।" ।

18. मूल नियमों के नियम 32 में, "या धारा 25" शब्दों और अंकों का लोप किया जाएगा ।

19. मूल नियमों के नियम 37 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"**37. पेटेंट की मंजूरी हो जाने पर आवेदनों का संख्यांकन-** पेटेंट के मंजूर हो जाने पर आवेदन की एक क्रम संख्या (जो संख्या कहलाएगी) दी जाएगी, जो उन संख्यांकों की आवली में होगी जो भारतीय पेटेंट और डिजाइन अधिनियम, 1911 (1911 का 2) के अधीन पेटेंटों पर दी गई है और जो इस प्रकार मंजूर किए गए पेटेंट का संख्यांक होगा ।" ।

20. मूल नियमों के नियम 38 का लोप किया जाएगा ।

21. मूल नियमों (नियम 39 से नियम 54) के अध्याय 5 का लोप किया जाएगा ।

22. मूल नियमों के अध्याय 6 में " पेटेंट देने का विरोध" शीर्षक के स्थान पर निम्नलिखित शीर्षक रखा जाएगा, अर्थात् :-

"विरोध की कार्यवाहियां"

23. मूल नियमों के नियम 55 से नियम 57 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखे जाएंगे, अर्थात्:-

" **55. पेटेंट देने के विरुद्ध अभ्यावेदन द्वारा विरोध**--(1) धारा 25 की उपधारा (1) के अधीन विरोध के लिए अभ्यावेदन अधिनियम की धारा 11क के अधीन आवेदन के प्रकाशन की तारीख से तीन मास से अनधिक की अवधि के भीतर या पेटेंट की मंजूरी के पूर्व, जो भी पश्चात्वर्ती हो और इसके अंतर्गत अभ्यावेदन के समर्थन में कोई कथन और साक्ष्य, यदि कोई हो, और सुनवाई के लिए कोई अनुरोध भी है, यदि ऐसी वांछा की जाती है, समुचित कार्यालय में फाइल किया जाएगा ;

(2) नियंत्रक ऐसे अभ्यावेदन पर केवल तब विचार करेगा जब आवेदन की परीक्षा के लिए कोई आवेदन फाइल किया गया हो ।

(3) अभ्यावेदन पर विचार करने पर यदि नियंत्रक की यह राय है कि पेटेंट के लिए आवेदन मंजूर करने से इंकार कर दिया जाएगा या पूर्ण विनिर्देश के लिए संशोधन अपेक्षित है, वह उस प्रभाव की आवेदक को सूचना देगा ।

(4) उपनियम (3) के अधीन सूचना प्राप्त करने पर आवेदक यदि वह ऐसी वांछा करता है तो सूचना की तारीख से एक मास के भीतर अपने आवेदन के समर्थन में अपना कथन और साक्ष्य यदि कोई हो, फाइल करेगा ।

(5) आवेदक द्वारा फाइल किए गए कथन और साक्ष्य पर विचार करने के पश्चात् नियंत्रक या तो आवेदन पर किसी पेटेंट को मंजूर करने से इंकार कर सकेगा या पेटेंट मंजूर किए जाने से पूर्व अपने समाधानप्रद रूप में पूर्ण विनिर्देश का संशोधन करने की अपेक्षा कर सकेगा ।

(6) अभ्यावेदन पर विचार करने के पश्चात् और सुनवाई के दौरान किए गए निवेदन, यदि ऐसी प्रार्थना की जाती है, नियंत्रक एक साथ या तो अभ्यावेदन को नामंजूर करते हुए और पेटेंट को मंजूर करते हुए या अभ्यावेदन को स्वीकार करते हुए और उस आवेदन पर पेटेंट को मंजूर करने से इंकार करते हुए उपरोक्त कार्यवाहियों के समापन से सामान्यतः एक मास के भीतर आगे कार्यवाही करेगा ।

55क. **विरोध की सूचना का फाइल किया जाना**-- धारा 25 की उपधारा (3)के अधीन दिए जाने वाले विरोध की सूचना प्ररूप 7 में दी जाएगी और समुचित कार्यालय में दो प्रतियों में नियंत्रक को भेजी जाएगी ।" ।

56. **विरोध बोर्ड का गठन और उसकी कार्यवाहियां**- (1) विरोध की सूचना की प्राप्ति पर नियंत्रक आदेश द्वारा एक विरोध बोर्ड का गठन करेगा जो तीन सदस्यों से मिलकर बनेगा और बोर्ड के सदस्यों में से किसी एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में नाम निर्दिष्ट करेगा ।

(2) धारा 73 की उपधारा (2) के अधीन नियुक्त परीक्षक विरोध बोर्ड का सदस्य होने के लिए पात्र होगा।

(3) परीक्षक, जिसने पेटेंट की मंजूरी के लिए कार्यवाहियों के दौरान पेटेंट के लिए आवेदन पर कार्यवाही की है, उस आवेदन के लिए उपनियम (2) में यथा विनिर्दिष्ट विरोध बोर्ड के सदस्य के रूप में पात्र नहीं होगा ।

(4) विरोध बोर्ड धारा 25 की उपधारा (4) के अधीन निर्दिष्ट नियम 57 से नियम 60 के अधीन फाइल किए गए दस्तावेजों के साथ विरोध की सूचना की परीक्षा करके उस तारीख से जिसको उनको दस्तावेज अग्रेषित किए गए थे तीन मास के भीतर इसकी संयुक्त सिफारिश के साथ विरोध की सूचना में लिए गए प्रत्येक आधार पर कारणों सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा ।

57.विरोध और साक्ष्य का लिखित कथन फाइल करना :- विरोधी एक लिखित कथन जिसमें विरोधी के हित की प्रकृति, वे तथ्य जिनको वह अपने मामले के अधीन बनाता है तथा वह अनुतोष जो वह चाहता है तथा अपने मामले के समर्थन में साक्ष्य, यदि कोई हों, विरोध की सूचना सहित, और आवेदक को कथन और साक्ष्य, यदि कोई हो, की एक प्रति परिदत्त करेगा ।" ।

24. मूल नियमों के नियम 58 में,--

(क) उपनियम (1) में, " आवेदक" शब्द के स्थान पर "पेटेंटी" शब्द रखा जाएगा ;

(ख) उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(2) यदि पेटेंटी विरोध करने की वांछा नहीं करता है और उपनियम (1) में यथा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अपना उत्तर और साक्ष्य परिदत्त नहीं करना चाहता है तो पेटेंट प्रतिसंहृत किया गया समझा जाएगा ।" ।

25. मूल नियमो के नियम 59 में "आवेदक के" शब्दों के स्थान पर, जहां-जहां भी वे आते हैं और " आवेदक" शब्द के स्थान पर क्रमशः "पेटेटी के" और " पेटेंटी" शब्द रखे जाएंगे ।

26. मूल नियमों के नियम 62 में,-

(क) उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(1) साक्ष्य का, यदि कोई हो, प्रस्तुतिकरण पूरा होने पर और विरोध बोर्ड की सिफारिश प्राप्त होने पर या ऐसे अन्य समय पर जो नियंत्रक ठीक समझे, वह विरोधी पक्ष की सुनवाई के किए तारीख और समय नियत करेगा और ऐसी सुनवाई की पक्षकारों को दस दिन से अन्यून की सूचना देगा और विरोध बोर्ड के सदस्यों की सुनवाई में उपस्थिति की अपेक्षा कर सकेगा ।" ।

(ख) उपनियम (5) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(5) सुने जाने की इच्छा करने वाले पक्षकार या पक्षकारों को सुनने के पश्चात् अथवा किसी पक्षकार के सुनवाई न चाहने पर सुनवाई के बिना ही और विरोध बोर्ड की सिफारिश को विचार में लेने के पश्चात् नियंत्रक विरोध का विनिश्चय करेगा और विनिश्चय की उसके कारणों सहित पक्षकारों को अधिसूचित करेगा ।" ।

27 मूल नियमों के नियम 63 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"63 खर्चों का अवधारण-- यदि पेटेंटी नियंत्रक को अधिसूचित करता है कि वह विरोध की सूचना प्राप्त होने के पश्चात् पेटेंट को वापस लेना चाहता है तो नियंत्रक मामले के गुणावगुण को आधार मानते हुए यह विनिश्चित कर सकेगा कि विरोधी को खर्चा दिलवाया जाए या नहीं ।" ।

28. मूल नियमों के नियम 63 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"**63क. धारा 26(1) के अधीन किया गया अनुरोध :-** धारा 26(1) के अधीन अनुरोध नियंत्रक के आदेश की तारीख से तीन मास के भीतर प्ररूप 12 में किया जाएगा और उसके साथ ऐसे तथ्य उपवर्णित करने वाला कथन जिसपर अर्जीदार निर्भर करता है और अनुतोष जिसका वह दावा करता है, लगा होगा ।" ।

29. मूल नियमों के नियम 64 और नियम 65 का लोप किया जाएगा ।

30. मूल नियमों के नियम 69 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"**69. धारा 28 के अधीन दावे या किसी आवेदन की सुनवाई के लिए प्रक्रिया**-विरोध की सूचना, लिखित कथन, उत्तर कथन के दाखिल करने से, साक्ष्य के छोड़ने से, सुनवाई तथा खर्चे से संबंधित नियम 55क और नियम 57 से नियम 63 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया धारा 28 के अधीन किसी दावे या आवेदन की सुनवाई को, इस उपांतरण के अध्यधीन कि पेटेंटी के प्रति निर्देश का अर्थ, यथास्थिति दावा या कोई आवेदन करने वाले व्यक्ति के प्रति लगाया जाएगा यावत्साध्य इस प्रकार लागू होगी जैसे कि विरोध की कार्यवाहियों में लागू होती है ।" ।

31. मूल नियमों के नियम 71 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"**71. धारा 39 के अधीन भारत के बाहर पेटेंट का आवेदन करने के लिए अनुमति :-** (1) भारत के बाहर पेटेंट का आवेदन करने की अनुमति के लिए अनुरोध प्ररूप 25 में किया जाएगा

(2) उपनियम (1) के अधीन किए गए अनुरोध का निपटान नियंत्रक द्वारा सामान्यतः ऐसे अनुरोध को फाइल किए जाने की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर किया जाएगा ।" ।

32. अध्याय 8 में विद्यमान शीर्षक के स्थान पर निम्नलिखित शीर्षक रखा जाएगा, अर्थात् :-

" पेटेंट अनुदत्त करना "

33. मूल नियमों के नियम 73 का लोप किया जाएगा ।

34. मूल नियमों के नियम 74 के स्थान पर निम्नलिखित नियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"**74क. पेटेंट की मंजूरी से संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण** -किसी पेटेंट की मंज़ूरी के प्रकाशन की तारीख के पश्चात् आवेदक पूर्ण विनिर्देश और अनंतिम विनिर्देश, यदि कोई हो, के साथ आवेदन, रेखाचित्र, यदि कोई हो, और उससे संबंधित सार और अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण नियंत्रक को लिखित आवेदन करके समुचित कार्यालय में कर सकेगा और फीस के संदाय के पश्चात् कर सकेगा और प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस के संदाय पर प्रतियां प्राप्त कर सकेगा ।" ।

35. मूल नियमों के नियम 78 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"**78 . धारा 51 के अधीन कार्यवाहियों की सुनवाई करने के लिए प्रक्रिया** - लिखित कथन, उत्तर कथन, साक्ष्य छोड़ने, सुनवाई और खर्चे के संबंध में नियम 55क और नियम 57 से नियम 63 तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया धारा 51 के अधीन आवेदन की सुनवाई को यावत्शक्य उसी प्रकार लागू होगी जैसे विरोधी पक्षकार की सुनवाई को लागू होती है ।" ।

36. मूल नियमों के नियम 79 में " न्यायालय" शब्द के पूर्व जहां-जहां वह आता है "अपील बोर्ड या " शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे ।

37. मूल नियमों के नियम 80 में, उपनियम (1) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(1क) उपनियम (1) में इस प्रकार विनिर्दिष्ट नवीकरण फीस के संदाय के लिए अवधि, उस समय ऐसी अवधि के लिए बढ़ाई जा सकेगी जो छह मास से अधिक नही होगी, यदि ऐसे समय के बढ़ाए जाने के लिए अनुरोध प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस के साथ प्ररूप 4 मे किया जाता है । " ।

38. मूल नियमों के नियम 81 में,-

(क) उपनियम (2) में "मंजूर" शब्द के स्थान पर "अनुदत्त" शब्द रखा जाएगा ;

(ख) उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"3(क). यदि उपनियम (1) के अधीन संशोधन के लिए आवेदन पेटेंट की मंजूरी के पश्चात् किया जाता है और और प्रस्तावित संशोधन की प्रकृति सारवान है तो आवेदन प्रकाशित कर दिया जाएगा।"।

(ख) संशोधन के लिए आवेदन के विरोध में हितबद्ध कोई व्यक्ति आवेदन के प्रकाशन की तारीख से तीन मास के भीतर विरोध की सूचना प्ररूप 14 में देगा ।

(ग) लिखित कथन, उत्तर कथन, साक्ष्य छोड़ना, सुनवाई और खर्चे के संबंध में नियम 57 से 63 तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया धारा 57 के अधीन विरोध की सुनवाई को, जहां तक हो सके, उसी प्रकार लागू होगी, जैसे विरोध की प्रक्रिया की सुनवाई को लागू होती है ।"

39. मूल नियम के नियम 83 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"**83. अनुज्ञात संशोधन का प्रकाशन**- किसी पेटेट को स्वीकार करने के पश्चात् अनुज्ञात संशोधन को प्रकाशित किया जाएगा ।"

40. मूल नियम 84 के उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(3) जहां आवेदक अनुज्ञात समय के भीतर सुनवाई के लिए अनुरोध करता है और यदि आवेदक को उस प्रकार सुने जाने के पश्चात् नियंत्रक का प्रथम दृष्ट्या यह समाधान हो जाता है कि नवीकरण फीस का संदाय न करना अनाशयित था, वहां वह आवेदन को प्रकाशित करेगा ।"

41. मूल नियम के नियम 85 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" **85. धारा 61 के अधीन प्रत्यावर्तन का विरोध-** (1) नियम 84 की उपनियम (3) के अधीन आवेदन के प्रकाशन की तारीख से दो मास के भीतर किसी भी समय कोई हितबद्ध व्यक्ति उसके विरोध की सूचना प्ररूप 14 में दे सकेगा ।

(2) विरोध की सूचना की एक प्रति नियंत्रक द्वारा आवेदक को भेजी जाएगी ।

(3) लिखित कथन, उत्तर कथन, साक्ष्य छोड़ने, सुनवाई और खर्चे के संबंध में नियम 57 से 63 तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया, धारा 60 के अधीन विरोध की सुनवाई को, जहां तक हो सके, उसी प्रकार लागू होगी, जैसे विरोधी पक्षकार की सुनवाई को लागू होती है ।"

42. मूल नियम के नियम 86 के उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" (2) नियंत्रक अपने विनिश्चय को प्रकाशित करेगा ।"

43. मूल नियम के नियम 87 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" **87. पेटेंटों का अभ्यर्पण**-(1) नियंत्रक धारा 63 के अधीन प्रस्थापना की सूचना प्रकाशित करेगा ।

(2) कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, प्रकाशन की तारीख से तीन मास के भीतर नियंत्रक को उसके विरोध की सूचना प्ररूप 14 मे दो प्रतियों में देगा ।

(3) लिखित कथन, उत्तर कथन, साक्ष्य छोड़ने, सुनवाई और खर्चे के संबंध में नियम 57 के 63 तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया, धारा 63 के अधीन विरोधी पक्षकार को सुनवाई को, जहां तक हो सके, उसी प्रकार लागू होगी, जैसे विरोध की प्रक्रिया की सुनवाई को लागू होती है ।"

(4) यदि नियंत्रक पेटेंटधारी की अभ्यर्पण की प्रस्थापना को स्वीकार कर लेता है तो वह पेटेंटेधारी को पेटेंट लौटाने का निदेश दे सकेगा और उस पेटेंट को प्राप्त करने पर नियंत्रक आदेश द्वारा उसे प्रतिसंहृत करेगा और पेटेंट के प्रतिसंहरण को प्रकाशित करेगा ।"

44. मूल नियम के नियम 88 के उपनियम (2) मे, " नियंत्रक या न्यायालयों" शब्दो के स्थान पर "नियंत्रक, अपील बोर्ड या न्यायालय" शब्द रखे जाएंगे ।

45. मूल नियम के नियम 89 का लोप किया जाएगा ।

46. मूल नियम के नियम 90 में, " प्ररूप 17" शब्दों और अंकों दोनों स्थानों पर जहां-जहां वे आते हैं, के स्थान पर " प्ररूप 16" शब्द और अंक रखे जाएंगे ।

47. मूल नियम के नियम 96 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" **96. अनिवार्य अनुज्ञप्ति आदि के लिए आवेदन-** धारा 84, धारा 85, धारा 91 या धारा 92 या धारा 92क के अधीन किसी आदेश के लिए नियंत्रक को किया जाने वाला आवेदन, यथास्थिति, प्ररूप 17 या प्ररूप 19 मे किया जाएगा । उस दशा को छोड़कर जिसमें आवेदन केन्द्रीय सरकार द्वारा किया गया हो, आवेदन में आवेदक के हित की प्रकृति और अनुज्ञप्ति के उन उपबंधों और शर्तो का जो आवेदक को स्वीकार्य हो, देगा ।"

48. मूल नियम कि नियम 98 में,-

(क) उपनियम (1) में " विज्ञापन" शब्द के स्थान पर " प्रकाशन" शब्द रखा जाएगा ;

(ख) उपनियम (6) में, "वे पेटेंट अनुदत्त् करने के विरोधी पक्षकार की" शब्दों के स्थान पर " विरोध की प्रक्रिया" शब्द रखे जाएंगे ।

49. मूल नियम के नियम 99 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"**99. प्रतिसंहरण आदेश के प्रकाशन की रीति-** नियंत्रक, उसके द्वारा धारा 85 की उपधारा (3)के अधीन पेटेंट का प्रतिसंहरण करने वाले आदेश को प्रकाशित करेगा ।"

50 मूल नियम के नियम 100 मे, " प्ररूप 21" शब्द और अंक के स्थान पर " प्ररूप 20" शब्द और अंक रखे जाएगे ।

51. मूल नियम के नियम 101 मे, उपनियम (7) में " वह पेटेंट अनुदत्त् करने के विरोधी पक्षकार" शब्दो के स्थान पर " विरोध की प्रक्रिया" शब्द रखे जाएंगे ।

52. मूल नियम के नियम 102,-

(क) उपनियम (1) में, "प्ररूप 22" शब्द और अंक के स्थान पर "प्ररूप 21" शब्द और अंक रखे जाएंगे ।

(ख) उपनियम (6) मे," वह पेटेंट अनुदत्त् करने के विरोधी पक्षकार" शब्दों के स्थान पर " विरोध की प्रक्रिया" शब्द रखे जाएंगे ।

53. मूल नियम के नियम 103 के उपनियम (1) में, " नाम और पते" शब्दों के स्थान पर "नाम, पते और नमूने, हस्ताक्षर और फोटो" शब्द रखे जाएंगे ।

54. मूल नियम के नियम 108 के उपनियम (2) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(3) (i) प्रत्येक शाखा कार्यालय में पेटेंट अभिकर्ताओं के रजिस्टर की प्रतियां अनुरक्षित की जाएंगी ;

(ii) पेटेंट अभिकर्ताओं को के रजिस्टर में पेटेंट अभिकर्ताओं के रूप में रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियो के नमूना हस्ताक्षर और फोटो भी अन्तर्विष्ट किए जाएंगे ।"

55. मूल नियम के नियम 109 के उपनियम (1) में, " प्ररूप 23" शब्द और अंक के स्थान पर " प्ररूप 22" शब्द और अंक रखे जाएंगे ।

56. मूल नियम के नियम 110 के उपनियम(3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा गया, अर्थात् :-

" (3)प्रत्येक लिखित प्रश्न पत्र और मौखिक परीक्षा के लिए अर्हक अंक कुल अंकों का प्रत्येक में पचास प्रतिशत होंगे और अभ्यर्थी परीक्षा में केवल तभी उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा जब वह कुल अंकों का औसत साठ प्रतिशत अंक प्राप्त करे ।"

57. मूल नियम 111 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंतः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"**111क- पेटेंट अभिकर्ताओं को अनुलिपि प्रमाण पत्र जारी करना**- नियंत्रक, व्यक्ति द्वारा जो पेटेंट अभिकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकृत है, द्वारा आवेदन किए जाने पर पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस के साथ जिसमें उन परिस्थितियों का भी कथन होगा, जिसमें नियम 111 के अधीन जारी मूल प्रमाण पत्र के खो जाने, नष्ट हो जाने और कही पेश न किया जा सकने की स्थिति के कथन भी अन्तर्विष्ट होंगे, पेटेंट अभिकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकरण की अनुलिपि प्रमाण पत्र जारी कर सकेगा ।"

58. मूल नियम के नियम 112 में, "प्ररूप 23" शब्दों और अंकों के स्थान पर "प्ररूप 22" शब्द और अंक रखे जाएंगे ।

59. मूल नियम के नियम 116 के उपनियम (2) में, " राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा" शब्दों के स्थान पर " प्रकाशित करेगा" शब्द रखे जाएंगे ।

60. मूल नियम के नियम 117 में,-

(क) उपनियम (1) में, "प्ररूप 24" शब्द और अंक के स्थान पर "प्ररूप 23" अंक और शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) उपनियम (3) में, "नियंत्रक द्वारा राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा" शब्दों के स्थान पर "प्रकाशित करेगा" शब्द रखे जाएंगे ।

61. मूल नियम के नियम 118 के उपनियम (2) में, " राजपत्र में अधिसूचित" शब्दों के स्थान पर "प्रकाशित" शब्द रखा जाएगा

62. मूल नियम के नियम 120 में, "राजपत्र में और ऐसी रीति में किया जाएगा जैसा नियंत्रक ठीक समझे" शब्दों के स्थान पर "किया जाएगा" शब्द रखे जाएंगे ।

63. मूल नियम के नियम 121 के स्थान पर निम्नलिखित नियमों का रखा जाएगा, अर्थात् :-

" **121. अवधि, जिसके भीतर विनिर्देश आदि की प्रतियां फाइल की जा सकेंगी**- अवधि जिसके भीतर विनिर्देश की प्रतियां या तत्स्थानी दस्तावेजो को धारा 138 की उपधारा (1) के अधीन आवेदक द्वारा नियंत्रक द्वारा संसूचित किए जाने की तारीख से तीन माह की अवधि में दाखिल किए जाएंगे ।

121क. संसूचनाओं का पता- इन अधिनियम या इन नियमों के अधीन किसी कार्यवाही के संबंध में सभी संसूचनाएं नियंत्रक को समुचित कार्यालय पर दी जाएंगी ।"

64. मूल नियम के नियम 123 में, " राजपत्र में " शब्दों का लोप किया जाएगा ।

65. मूल नियम के नियम 124 में,-

(क) उपनियम(1) में, "राजपत्र" में शब्द का लोप किया जाएगा ;

(ख) उपनियम (4) में, "वह पेटेंटों के अनुदत्त किए जाने के विरोध की सुनवाई"

शब्दों के स्थान पर "विरोध प्रक्रिया की सुनवाई" शब्द रखे जाएगे ।

66. मूल नियम के नियम 129 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा अर्थात् :-

"**129 नियंत्रक द्वारा वैवेकिक की शक्ति का प्रयोग-** अधिनियम या इन नियमो के अधीन पेटेट के लिए किसी आवेदक या कि कार्यवाही के पक्षकार के प्रतिकूल पडने की सभावना हो, नियत्रक वैवेकिक की शक्ति का प्रयोग करने से पूर्व उसे या उन्हें साधारणतया ऐसी कार्यवाही की दस दिन की सूचना देने के पश्चात् सुनवाई करेगा ।"

67. मूल नियम के नियम 130 के उपनियम (1) और उपनियम (2) मे, "प्ररूप 25" शब्द और अक दोनो जगह, जहां-जहां वे आते हैं, के स्थान पर "प्ररूप 24" शब्द और अक रखे जाएगे ।

68 मूल नियम के नियम 131 में,-

(क) उपनियम (1) में, "प्ररूप 29" शब्द और अक के स्थान पर "प्ररूप 27" शब्द और अक रखे जाएंगे ;

(ख) उपनियम (3) में, "राजपत्र मे और ऐसी अन्य रीति मे जैसा वह उचित समझे" शब्दो का लोप किया जाएगा ।

69. मूल नियम के नियम 134 के उपनियम (1) के खड (च), खड (छ) और खड (ट) के स्थान पर क्रमश निम्नलिखित खंड रखे जाएंगे, अर्थात् :-

"(च) कि जब पेटेंट का आवेदन अस्वीकार कर दिया गया हो ;

(छ) कि जब पेटेंट अनुदत्त कर दिया गया हो ;

(ट) जब रजिस्टर में किसी प्रविष्टि या राजपत्र मे प्रकाशन या अन्यथा को अतवर्लित करने वाला कोई आवेदन किया गया हो या अन्यथा यदि आवेदन या कार्रवाई की प्रकृति अनुरोध मे विनिर्दिष्ट की गई हो।"

70. मूल नियम के नियम 138 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"138. **विहित समय को बढ़ाने की शक्ति-** (1) नियम 24, नियम 55 और नियम 80 (1क) मे, यथाउपबंधित के सिवाय, इन नियमो द्वारा किसी कार्य को करने या उसके अधीन कोई कार्रवाई करने के लिए विहित समय नियंत्रक द्वारा एक मास तक यदि वह ऐसा उचित समझे और उन निबंधनो पर जो निर्दिष्ट करे बढाया जा सकेगा ।

(2) इन नियमो में अवधि बढाए जाने के लिए कोई अनुरोध विहित अवधि के अवसान से पूर्व किया जाएगा ।"

71. मूल नियम की पहली अनुसूची और दूसरी अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूचिया रखी जाएगी, अर्थात् :-

"पहली अनुसूची
(नियम 7 देखिए)
फीस

प्रविष्टि की संख्या	जिस पर संदेय है	सुसंगत प्ररूप की संख्या	फीस की रकम (रुपए मे)	
			प्रकृत व्यक्ति (व्यक्तियो) के लिए	प्रकृत व्यक्ति (व्यक्तियो) से भिन्न या तो अकेले या प्रकृत व्यक्ति (व्यक्तियो) के साथ सयुक्त रूप मे व्यक्तियो के लिए
1.	2	3	4	5
			रुपए	रुपए
1.	अनंतिम/संपूर्ण विनिर्देश के साथ धारा 7, 54 या 135 और नियम 20(1) के अधीन किसी पेटेट के लिए आवेदन पर-	1	1000 प्रत्येक बहु-गुणक, पूर्विकता की दशा मे 1000 के गुणको में	4,000 प्रत्येक बहुगुणक की दशा मे 4,000 के गुणको मे
(i)	30 अतिरिक्त विनिर्देश प्रत्येक पन्ने के लिए ;		(i) 100	(i) 400
(ii)	10 अतिरिक्त प्रत्येक दावे के लिए ;		(ii) 200	(ii) 800
2	अनंतिम विनिर्देश के पश्चात् संपूर्ण विनिर्देश फाइल करने पर 30 पृष्ठ तक जिसमें 10 दावे तक हो-	2	कोइ फीस नही	कोई फीस नहीं
(i)	30 अतिरिक्त प्रत्येक पन्नों के लिए ;		(i) 100	(i) 400
(ii)	10 अतिरिक्त प्रत्येक दावे के लिए ;		(ii) 200	(ii) 800
3.	धारा 8 के अधीन कथन और वचनबंध फाइल करने पर	3	कोई फीस नही	कोई फीस नही
4.(i)	धारा 53(2) और धारा 142(4), नियम	4	300	1200

	13(6), 80(1क) और 130 के अधीन समय के विस्तारण के अनुरोध पर		प्रति मास	प्रति मास
4.(ii)	धारा 21(1) और नियम 24ख(4)(ii) के अधीन समय के विस्तारण के अनुरोध पर	4	(क) 1000 प्रति प्रथम मास के लिए (ख) 2000 प्रति दूसरे मास के लिए (ग) 3000 प्रति मास	(क) 1000 प्रति प्रथम मास के लिए (ख) 2000 प्रति दूसरे मास के लिए (ग) 3000 प्रति तीसरे मास के लिए
5.	नियम 13(6) के अधीन आविष्कारिता की घोषणा फाइल करने पर	5	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं
6.	अगली तारीख के लिए आवेदन पर	-	500	2,000
7.	धारा 19(2) के अधीन निर्देश के हटाने के लिए आवेदन पर	-	500	2,000
8.(i)	धारा 20(1) के अधीन दावे पर	6	500	2,000
(ii)	धारा 20(4) या 20(5) के अधीन निर्देश के लिए अनुरोध पर	6	500	2,000
9.	धारा 25(3) के अधीन पेटेंट के अनुदत्त करने के विरोध की सूचना पर	7	1,500	6,000
10	नियम 62(2) के अधीन यह सूचना देने पर कि नियंत्रक के समक्ष सुनवाई में उपस्थित रहा जाएगा ।	-	1,500	6,000
11.	धारा 28(2), 28(3) या 28(7) के अधीन आवेदन पर	8	500	2,000
12	धारा 11क(2) और नियम 23ख के अधीन प्रकाशन के लिए अनुरोध	9	2500	10000
13.	धारा 44 के अधीन पेटेंट के संशोधन के लिए आवेदन पर	10	1,500	6,000

14.	धारा 51(1) या 51(2) के अधीन निदेश के लिए आवेदन पर	11	1,500	6,000
15.	धारा 26(1) और धारा 52(2) के अधीन पेटेंट के अनुदत्त करने के अनुरोध पर	12	1,500	6,000
16.	धारा 55(1) के अधीन पेटेंट परिवर्धन को स्वतंत्र पेटेंट में संपरिवर्तित करने के अनुरोध पर	-	1,500	6,000
17.	धारा 53 के अधीन पेटेंट के नवीकरण के लिए--			
(i)	पेटेंट की तारीख से दूसरे वर्ष की समाप्ति से पूर्व तीसरे वर्ष की बाबत ;	-	500	2,000
(ii)	तीसरे वर्ष की समाप्ति से पूर्व चौथे वर्ष की बाबत ;	-	500	2,000
(iii)	चौथे वर्ष की समाप्ति से पूर्व पांचवे वर्ष की बाबत ;	-	500	2,000
(iv)	पांचवे वर्ष की समाप्ति से पूर्व छठे वर्ष की बाबत ;	-	500	2,000
(v)	छठे वर्ष की समाप्ति से पूर्व सातवें वर्ष की बाबत ;	-	1,500	6,000
(vi)	सातवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व आठवें वर्ष की बाबत ;	-	1,500	6,000
(vii)	आठवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व नवें वर्ष की बाबत ;	-	1,500	6,000
(viii)	नवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व दसवें वर्ष की बाबत ;	-	1,500	6,000
(ix)	दसवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व ग्यारहवें वर्ष की बाबत ;	-	3,000	12,000
(x)	ग्यारहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व बारहवें वर्ष की बाबत ;	-	3,000	12,000

(xi)	बारहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व तेरहवें वर्ष की बाबत ;	-	3,000	12,000
(xii)	तेरहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व चौदहवें वर्ष की बाबत ;	-	3,000	12,000
(xiii)	चौदहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व पंद्रहवें वर्ष की बाबत ;	-	3,000	12,000
(xiv)	पंद्रहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व सोलहवें वर्ष की बाबत ;	-	5,000	20,000
(xv)	सोलहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व सत्रहवें वर्ष की बाबत ;	-	5,000	20,000
(xvi)	सत्रहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व अठारहवें वर्ष की बाबत ;	-	5,000	20,000
(xvii)	अठारहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व उन्नीसवें वर्ष की बाबत ;	-	5,000	20,000
(xviii)	उन्नीसवें वर्ष को समाप्ति से पूर्व बीसवें वर्ष की बाबत ।	-	5,000	20,000
18.	धारा 57 के अधीन पेटेंट के लिए आवेदन/संपूर्ण विनिर्देश/अन्य संबद्ध दस्तावेजों के संशोधन के लिए आवेदन पर-	13		
	(i) पेटेंट अनुदत्त करने से पूर्व ;		500	2,000
	(ii) पेटेंट अनुदत्त करने के पश्चात्		1,000	4,000
	(iii) जहां संशोधन नाम/पता/राष्ट्रीयता/सेवा के लिए पता बदलने के लिए है		200	800
19.	धारा 57(4), 61(1) और 87(2) या आवेदन के विरोध या धारा 63(3) के अधीन पेटेंट के अभ्यर्पण की सूचना पर या धारा 78(5) के अधीन अनुरोध पर	14	1,500	6,000

20.	धारा 60 के अधीन पेटेंट के प्रत्यावर्तन के लिए आवेदन पर	15	1,500	6,000
21.	प्रत्यावर्तन के लिए अतिरिक्त फीस	-	3,000	12,000
22.	धारा 63 के अधीन पेटेंट के अभ्यर्पण की प्रस्थापना की सूचना पर	-	1,000	4,000
23.	धारा 11ख(4) और नियम 26(1) के अधीन आवेदन के प्रत्याहरण के लिए आवेदन	-	1,000	4,000
24	धारा 69(1) या 69(2) और नियम 90(1) 90(2) के अधीन किसी पेटेंट या किसी अंश के हकदार किसी व्यक्ति या बंधकदार के रूप में या अनुज्ञप्तिधारी के रूप में या अन्यथा के रूप में पेटेंट रजिस्टर में किसी व्यक्ति के नाम की प्रविष्टि के लिए या किसी दस्तावेज की अधिसूचना की पेटेंट रजिस्टर में प्रविष्टि के लिए आवेदन पर प्रत्येक पेटेंट के लिए	16	1,000 (प्रत्येक पेटेंट की बाबत)	4,000 (प्रत्येक पेटेंट की बाबत)
25	नियम 94(1) या नियम 118(1) के अधीन पेटेंट रजिस्टर या पेटेंट अभिकर्ता रजिस्टर में किसी प्रविष्टि के परिवर्तन के लिए आवेदन पर ।	-	200	800
26	नियम 94(3) के अधीन पेटेंट रजिस्टर में तामील के लिए किसी अतिरिक्त पते की प्रविष्टि करने के अनुरोध पर	-	500	2,000
27	धारा 84(1), धारा 92(1) और धारा 92क के अधीन अनिवार्य अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन पर	17	1,500	6,000
28	पेटेंट की परीक्षा के लिए अनुरोध पर (क)धारा 11ख और नियम 24(1) के	18	2,500	10,000

	अधीन ; (ख) नियम 20(4)(ii) के अधीन		3,500	14,000
29	धारा 85(1) के अधीन पेटेंट के प्रतिसंहरण के लिए आवेदन पर ।	19	1,500	6,000
30	धारा 88(4) के अधीन अनुज्ञप्ति के निबन्धनों और शर्तो के पुनरीक्षण के लिए आवेदन पर ।	20	1,500	6,000
31	धारा 94 के अधीन अनिवार्य अनुज्ञप्ति की समाप्ति के लिए अनुरोध पर ।	21	1,500	6,000
32	नियम 109 या नियम 112 के अधीन पेटेंट अभिकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन पर ।	22	2,000	-
33	नियम109(3) के अधीन अर्हक परीक्षा में बैठने के लिए अनुरोध पर ।	-	1,000	-
34	पेटेंट अभिकर्ता रजिस्टर में किसी व्यक्ति के नाम के बने रहने के लिए ।	-	-	-
(i)	पहले वर्ष के लिए रजिस्ट्रीकरण के साथ संदत्त की जाने वाली ।	-	500	-
(ii)	पहले वर्ष को छोड़कर प्रत्येक वर्ष पहली अप्रैल को प्रत्येक वर्ष में संदत्त की जाने वाली ।	-	500	-
35	नियम 111क के अधीन पेटेंट अभिकर्ता के द्वितीय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन पर।	-	1,000	-
36	नियम 117(1) के अधीन पेटेंट अभिकर्ता रजिस्टर में किसी व्यक्ति के नाम के प्रत्यावर्तन के लिए आवेदन पर ।	23	1,000 (धन प्रविष्टि सं.36 के अधीन बने रहने की फीस)	-
37	धारा 78(2) के अधीन लेखन गलतियों	-	500	2,000

	की शुद्धि के लिए अनुरोध पर ।			
38	धारा 77(1)(च) या धारा 77(1)(छ) के अधीन नियंत्रक के विनिश्चय/आदेश के पुनर्विलोकन या उसे अपास्त करने के लिए आवेदन करने पर ।	24	1,000	4,000
39	धारा 39 और नियम 71(1) के अधीन भारत के बाहर पेटेंट के आवेदन के लिए अनुज्ञा के लिए आवेदन पर ।	25	1,000	4,000
40	धारा 154 और नियम 132 के अधीन पेटेंट की द्वितीय प्रति के लिए आवेदन पर ।	-	1,000	4,000
41	धारा 72 के अधीन प्रमाणित प्रतियो के लिए या धारा 147 और नियम 133 के अधीन प्रमाण पत्र के लिए अनुरोध पर ।	-	1,000	4,000
42	कार्यालय प्रतियो या मुद्रित प्रत्येक के प्रमाणन के लिए ।	-	500	2,000
43	धारा 72 के अधीन रजिस्टर के निरीक्षण के लिए अनुरोध पर नियम 27 या नियम 74(क) अधीन निरीक्षण पर ।	-	200	800
44	धारा 127, धारा 132, धारा 153 और नियम 135 के अधीन जानकारी के लिए अनुरोध पर ।	-	300	1,200
45	पेटेट अभिकर्ता के प्राधिकार के प्ररूप पर ।	26	कोई फीस नही	कोई फीस नही
46	ऐसी याचिका पर जिसके लिए अन्यथा उपबन्ध नही है ।	-	1,000	4,000
47	दस्तावेजो की फोटो प्रतियों के प्रदाय के लिए प्रति पृष्ठ	-	4	4
48	अन्तर्राष्ट्रीय आवेदन के लिए पारेषण फीस	-	2,000	8,000

49	पूर्विकता दस्तावेज की प्रमाणित प्रति तैयार करने और उसे अंतरराष्ट्रीय विश्व बौद्धिक संपदा संगठन ब्यूरो को पारेषित करने के लिए ।	-	1,000	4,000
50	धारा 146(2) और नियम 131(1) के अधीन भारत में वाणिज्यिक स्तर पर पेटेंटेतित आविष्कार के कार्यकरण के संबंध में कथन पर ।	27	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं

टिप्पणः जब तक नियमों में अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो सभी प्ररूप/आवेदन/अनुरोध/सूचना/याचिका दो प्रतियों में फाइल किए जाएंगे ।

दूसरी अनुसूची
(नियम 8 देखिए)
प्ररूप

प्ररूपों की सूची

प्ररूप संख्या	धारा और नियम	शीर्षक
1.	2.	3.
1.	धारा 7, धारा 54 या धारा 135 और नियम 20(1) ।	पेटेंट अनुदत्त करने के लिए आवेदन।
2.	धारा 10 ; नियम 13 ।	अनंतिम/संपूर्ण विनिर्देश ।
3.	धारा 8 और नियम 12 ।	कथन और बचनबंध ।
4.	धारा 53(2) और धारा 142(4), नियम 13(6), नियम 24ख(4)(ii), नियम 80(1क) और नियम 130 ।	समय के विस्तारण के लिए अनुरोध।
5.	धारा 10(6) और नियम 13(6) ।	आविष्कारिता के संबंध में घोषणा ।
6.	धारा 20(1), धारा 20(4), धारा 20(5) और नियम 34(1),35(1) या नियम 36(1) ।	पेटेंट के लिए आवेदन में किसी परिवर्तन के संबंध में दावा या अनुरोध ।
7.	धारा 25(3) और नियम 55(क) ।	पेटेंट के अनुदत्त किए जाने पर विरोध की सूचना ।
8.	धारा 28(2), धारा 28(3)या धारा 28(7) और नियम 66,	किसी ऐसे पेटेंट में आविष्कारक का

	नियम 67, नियम 68 ।	उसी रूप में उल्लेख करने के संबंध में अनुरोध या दावा ।
9.	धारा 11क(2) और नियम 24क ।	प्रकाशन के लिए अनुरोध ।
10.	धारा 44 और नियम 75 ।	पेटेंट के संशोधन के लिए आवेदन ।
11.	धारा 51(1), धारा 51(2) और नियम 76, नियम 77 ।	नियंत्रक के निदेश के लिए आवेदन ।
12.	धारा 26(1) और धारा 52(2) और नियम 63क और नियम 79 ।	पेटेंट अनुदत्त करने के लिए अनुरोध।
13.	धारा 57 और नियम 81(1) ।	पेटेंट/संपूर्ण विनिर्देश के आवेदन में संशोधन के लिए आवेदन ।
14.	धारा 57(4),धारा 61(1),धारा 63(3),धारा 78(5) और धारा 87(2) और नियम 81(3)(ख), नियम 85(1),नियम 87(2),नियम 98(1),नियम 101(3) या नियम 124 ।	पेटेंट के संशोधन/प्रत्यावर्तन/अभ्यर्पण/ अनिवार्य अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने या उसके निबंधनों के पुनरीक्षण या लेखन गलतियों की शुद्धि के विरोध की सूचना ।
15	धारा 60 और नियम 84 ।	पेटेंट के प्रत्यावर्तन के लिए आवेदन।
16.	धारा 69(1) या धारा 69(2) और नियम 90(1) और नियम 90(2) ।	पेटेंट के नाम/हित या उसमें के अंश के रजिस्ट्रीकरण के लिए या पेटेंट की स्वत्वधारिता को प्रभावित करने के लिए तात्पर्यित किसी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन ।
17.	धारा 84(1),धारा 91,धारा 92 या धारा 92क और नियम 96 ।	अनिवार्य अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन।
18.	धारा 11ख और नियम 20(4)(ii)और नियम 24ख(1)(i) ।	पेटेंट के आवेदन की परीक्षा के लिए अनुरोध ।
19.	धारा 85(1) और नियम 96 ।	पेटेंट के कार्य न करने पर प्रतिसंहरण के लिए आवेदन ।
20.	धारा 88(4) और नियम 100 ।	अनुज्ञप्ति के निबन्धनों और शर्तों के पुनरीक्षण के लिए आवेदन ।
21.	धारा 94 और धारा 102(1) ।	अनिवार्य अनुज्ञप्ति की समाप्ति के लिए आवेदन ।
22.	नियम 109(1) और नियम 112 ।	पेटेंट अभिकर्ता के रजिस्ट्रीकरण के

		लिए आवेदन ।
23.	धारा 130(2) और नियम 117 (1) ।	पेटेंट अभिकर्ता रजिस्टर में नाम के प्रत्यावर्तन के लिए आवेदन ।
24.	धारा 77(1)(च), धारा 77(1)(छ) और नियम 130(1) या नियम 130(2) ।	नियंत्रक के विनिश्चय/आदेश के पुनर्विलोकन/उसे अपास्त करने के लिए आवेदन ।
25.	धारा 39 और नियम 71(1) ।	भारत के बाहर पेटेंट आवेदन करने के लिए अनुज्ञा के लिए अनुरोध ।
26.	धारा 127, धारा 132 और नियम 135 ।	अधिनियम के अधीन किसी विषय या कार्यवाही में किसी पेटेंट अभिकर्ता या किसी व्यक्ति के प्राधिकार का प्ररूप ।
27.	धारा 146(2) और नियम 131(1) ।	भारत में वाणिज्यिक स्तर पर पेटेंट पर कार्यकरण के संबंध में कथन ।

प्ररूप 1 पेटेंट अधिनियम, 1970 (1970 का 39) और पेटेंट नियम, 2003 पेटेंट अनुदत्त करने के लिए आवेदन (नियम 7, नियम 54 और नियम 135 तथा नियम 20(1) देखिए)	(केवल कार्यालय उपयोग के लिए) आवेदन सं0 : फाइल किए जाने की तारीख : सदत्त फीस की रकम : सीबीआर सं0 : हस्ताक्षर :

1. आवेदक (कों)

नाम	राष्ट्रीयता	पता

2. आविष्कारक (कों)

नाम	राष्ट्रीयता	पता

3. आविष्कार का नाम

4. आवेदक/भारत में प्राधिकृत पेटेंट अभिकर्ता का पत्राचार के लिए पता ।		टेलीफोन नं0 फैक्स नं0 मोबाइल नं0 ई-मेल

5. कन्वेंशन देश में फाइल किए गए आवेदन(नों) पूर्विकता पर विशिष्टियां

देश	आवेदन सं0	फाइल किए जाने की तारीख	आवेदक का नाम	आविस्कार का नाम

6. पेटेंट सहकारिता संधि (पे.स.सं.) राष्ट्रीय चरण आवेदन फाइल किए जाने के लिए विशिष्टियां

